<u>क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर</u>
<u>क. रा. बी. निगम 75वां स्थापना दिवस – विशेष सेवा पखवाड़ा</u>
<u>रिपोर्ट दिनांक : 27/02/2026 (शुक्रवार)</u>

1. **<u>जैव-चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण एवं स्पिल प्रबंधन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन :</u>**

दिनांक 27/02/2026 को क. रा. बी. निगम अस्पताल, अंकलेश्वर के सम्मेलन कक्ष में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण एवं स्पिल प्रबंधन के विषय पर प्रशिक्षण सत्र काआयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण पैथोलॉजी विभाग की डॉ. अपेक्षा मलानी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग ऑर्डरली उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान इसमें जैव-चिकित्सा अपशिष्ट की परिभाषा, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन का महत्व एवं लाभ, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट की श्रेणियाँ, रंग-कोडित डिब्बों में अपशिष्ट का पृथक्करण, आउटसोर्स एजेंसी को सौंपने से पूर्व अपशिष्ट का पूर्व-उपचार, अपशिष्ट का संग्रहण एवं भंडारण तथा जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के क्या करें और क्या न करें जैसे प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही संक्रमण नियंत्रण एवं अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

2. <u>निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन:</u>

स्थान: Chiron Behring Company, GIDC Anklewshwar

इसी क्रम में क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर की ओर से 40 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के बीमित व्यक्तियों हेतु Chiron Behring Company में निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 56 कर्मचारियों ने लाभ प्राप्त किया।







शिविर के सफल संचालन में क. रा. बी. निगम अस्पताल की टीम का विशेष योगदान रहा। चिकित्सकीय दल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक परामर्श एवं जागरूकता संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। टीम के समर्पित प्रयासों से शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

3. <u>आंतरिक (संस्थान में) स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन:</u>

स्थान: अस्पताल परिसर, ओपीडी, क.रा. बी. निगम अस्पताल,अंकलेश्वर (दिनांक 27/02/2026)

विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान 40 वर्ष से अधिक आयु के बीमित व्यक्तियों (IP) के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।